अमर उजाला
बरेली
बृहस्पतिवार, 15 जून 2017
amarujala.com

PAGE NO. 4 : TOP

रक्तदाता दिवस पर बरेली में 239 ने किया महादान

अमर उजाला ने किया महादानियों का सम्मान

अमर उजाला ब्यूरो
बरेली।

विश्व रक्तदाता दिवस पर बरेली में भी कई जगह रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से अमर उजाला परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 58 यूनिट, आईएमए में 130 यूनिट, एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट में 25 और राजश्री मेडिकल कॉलेज में 26 यूनिट रक्तदान हुआ। इस तरह बरेली में कुल 239 यूनिट रक्त जमा किया गया। कैंप में एसीएमओ डॉ. आरएन गिरी ने भी 29 बार रक्तदान किया। महिलाओं और युवाओं की संख्या अधिक रही।

शिविर में जिला अस्पताल के पैथालॉजिस्ट व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. यूवी सिंह, वरिष्ठ एलटी जेआर पाल, एलटी भूपेंद्र पटेल, अंकित शंखधार, काउंसलर शिव कुमार, एलए इफ्तिकार, एलटी ज्योति सचान, स्टाफ नर्स छाया शर्मा, वार्ड ब्वाय गौरव, परिचर ताज मोहम्मद, एंबुलेंस चालक चेतन शामिल रहे। इसके अलावा अमर उजाला के शिविरों में पीलीभीत में 26 शाहजहांपुर में 19 बदायूं में 15 और लखीमपुरखीरी में 19 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदाताओं को सलाम : अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित रक्तदाताओं के सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडी हेल्थ डॉ. प्रमिला गौड़ और विशिष्ट अतिथि जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. केएस गुप्ता, डॉ. यूवी सिंह शामिल रहे। उन्होंने सभी विशेष रक्तदाताओं को सम्मानित किया। सभी रक्तदाता अमर उजाला के कैंपों में विशेष योगदान देते हैं और किसी भी प्रकार की समस्या पर तुरंत आकर रक्तदान करने के साथ प्रेरित भी करते हैं। इनमें 77 बार रक्तदान कर चुके इकबाल सिंह बाले, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मंडल युवा महामंत्री प्रमोद मिश्रा, मुकुल अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, राम शर्मा, शोभित सक्सेना के साथ उनकी धर्मपत्नी आराधना सक्सेना और बेटा ईशु, युवा बरेली सेवा क्लब के अध्यक्ष गुलफाम अंसारी, तारिक अली, असगर अली, तफीस अहमद, सृजन संस्था से दीक्षा सक्सेना, राजीव सक्सेना, प्रयास रेवा से पंकज भट्ट, सिविल डिफेंस के श्याम कृष्ण व उनके साथी, दिनेश कटियार शामिल रहे। 57 बार रक्तदान कर चुके उत्तराखंड महासभा के राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल, अमित अरोड़ा किसी कारणवश नहीं पहुंच सके। ये भी सम्मानित रक्तदाता में शामिल हैं। डॉ. प्रमिला गौड़ ने कहा कि ये रक्तदाता नहीं जानते कि इन्होंने कितने लोगों को जीवन दिया है।

एसआरएमएस में 25 रक्तदाता आए

एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट में आयोजित रक्तदान शिविर में 25 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके डांडा मौजूद रहे, उन्होंने रक्तदान की खासियत बताई। इंस्टीट्यूट के छात्रों व अन्य ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. मिलन, डॉ. एचओ अग्रवाल, आईए खान, सुनील चांद्रा व अन्य शामिल रहे।

एसआरएमएस में रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।